# HINDI B

## Class 10 - हिंदी ब

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### खंड क - अपठित बोध

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[7]**

प्रजातंत्र के तीन मुख्य अंग हैं-कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका। प्रजातंत्र की सार्थकता एवं दृढ़ता को ध्यान में रखते हुए और जनता के प्रहरी होने की भूमिका को देखते हुए मीडिया (दृश्य, श्रव्य और मुद्रित) को प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में देखा जाता है। समाचार-माध्यम या मीडिया को पिछले वर्षों में पत्रकारों और समाचार-पत्रों ने एक विश्वसनीयता प्रदान की है और इसी कारण विश्व में मीडिया एक अलग शक्ति के रूप में उभरा है।

कार्यपालिका और विधायिका की समस्याओं, कार्य-प्रणाली और विसंगतियों की चर्चा प्राय: होती रहती है और सर्वसाधारण में वे विशेष चर्चा के विषय रहते ही हैं। इसमें समाचार-पत्र, रेडियो और टी०वी० समाचार अपनी टिप्पणी के कारण चर्चा को आगे बढ़ाने में योगदान करते हैं, पर न्यायपालिका अत्यंत महत्वपूर्ण होने के बावजूद उसके बारे में चर्चा कम ही होती है। ऐसा केवल अपने देश में ही नहीं, अन्य देशों में भी कमोबेश यही स्थिति है।

स्वराज-प्राप्ति के बाद और एक लिखित संविधान के देश में लागू होने के उपरांत लोकतंत्र के तीनों अंगों के कर्तव्यों, अधिकारों और दायित्वों के बारे में जनता में जागरूकता बढ़ी है। संविधान-निर्माताओं का उद्देश्य रहा है कि तीनो अंग परस्पर ताल-मेल से कार्य करेंगे। तीनों के पारस्परिक संबंध भी संविधान द्वारा निर्धारित, फिर भी समय के साथ-साथ कुछ समस्याएँ उठ खड़ी होती हैं। आज लोकतंत्र यह महसूस करता है कि न्यायपालिका में भी अधिक पारदर्शिता हो, जिससे उसकी प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़े।

'जिस देश में पंचों को परमेश्वर मानने की परंपरा, वहाँ न्यायमूर्तियों पर आक्षेप दुर्भाग्यपूर्ण है।'

1. लोकतंत्र का चौथा अंग किसे माना जाता है? **(1)**
   (क) मीडिया
   (ख) कार्यपालिका
   (ग) विधायिका
   (घ) न्यायपालिका
2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
   **कथन (A):** मीडिया को प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह सरकार की कार्यप्रणाली और समाज की समस्याओं पर प्रकाश डालता है।

SATISH SCIENCE ACADEMY

**कारण (R):** न्यायपालिका के बारे में चर्चा कम होने के कारण, न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता महसूस की जाती है।

**विकल्प:**

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

3. मीडिया के कोई दो उदाहरण दीजिए। **(1)**

(क) रेडियो और टेलिस्कोप

(ख) समाचार-पत्र और रेडियो

(ग) टेलीविज़न और पुस्तक

(घ) धार्मिक ग्रंथ

4. लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका स्पष्ट कीजिए। **(2)**
5. अत्यंत महत्वपूर्ण अंग होने के बावजूद न्यायपालिका के बारे में मीडिया में कम चर्चा क्यों होती है? **(2)**

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[7]**

पश्चिमी दृष्टिकोण वाले लोग सह-शिक्षा के प्रबल समर्थक हैं। पश्चिमी शिक्षाशास्त्रियों का कहना है, 'ठीक है, हम मानते हैं कि छात्र-छात्राओं में यौन आकर्षण होता है, किन्तु वह कोई बुरी बात नहीं। वह तो एक महान शक्ति है, जिसका सदुपयोग कर छात्र-छात्राओं में स्पर्धा उत्पन्न करके शिक्षा के श्रेष्ठतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। विशेषकर इसलिए कि विद्यार्थी जीवन में स्पर्धा भावना उग्र होती है। इसी का उपयोग करके हम परीक्षा प्रतियोगिता, भाषा-प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। निस्संदेह प्रतियोगिता के जोश में विद्यार्थी जितनी शानदार सफलताएँ प्राप्त करते हैं, साधारण स्थिति में उससे बहुत कम ही प्राप्त करते हैं। कई बार लड़के लड़कियों के लिए तथा लड़कियाँ लड़कों के लिए अधिक सहायक व लाभकारी सिद्ध होती हैं। इस दृष्टि से भी सहशिक्षा लाभकारी है। लड़के और लड़कियों के हृदय में कभी कभी नकारात्मक भावनाएँ भी होती हैं, जो स्वस्थ समाज के लिए हानिकारक हो सकती है। सहशिक्षा से इससे बचा जा सकता है।

1. सहशिक्षा का समर्थन कौन करते हैं? (1)

(क) पश्चिमी दृष्टिकोण वाले लोग

(ख) भारतीय लोग

(ग) छात्र और छात्राएँ

(घ) अभिभावक

2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

**कथन (A):** पश्चिमी दृष्टिकोण वाले लोग सह-शिक्षा के प्रबल समर्थक हैं, क्योंकि उनका मानना है कि छात्र-छात्राओं में यौन आकर्षण का सकारात्मक उपयोग शिक्षा में स्पर्धा उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है।

**कारण (R):** सह-शिक्षा से लड़कों और लड़कियों के बीच नकारात्मक भावनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे समाज में स्वस्थ वातावरण स्थापित होता है।

**विकल्प:**

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

3. सहशिक्षा का संधि विच्छेद कीजिए। (1)

(क) सम + शिक्षा

(ख) स + शिक्षा

SATISH SCIENCE ACADEMY

(ग) सहायक + शिक्षा

(घ) सह + शिक्षा

4. शिक्षा के बेहतर परिणाम कैसे प्राप्त किये जा सकते है? (2)

5. विद्यार्थी सफलताएँ कब प्राप्त करते हैं? (2)

**खंड ख - व्यावहारिक व्याकरण**

3. निम्नलिखित वाक्यों में से **किन्हीं चार** के उत्तर दीजिए। **[4]**

i. धीरे-धीरे सूरज डूबता जा रहा था। वाक्य में **क्रिया पदबंध** की पहचान कीजिए।

ii. सातवीं-आठवीं के कुछ विद्यार्थी हमें उनके बारे में बताया करते थे। इस वाक्य में **संज्ञा पदबंध** क्या है।

iii. में **<u>हाँफते हुए धीरे-धीरे</u>** दौड़ रहा था। रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

iv. वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी। वाक्य में **क्रिया-विशेषण पदबंध** ढूँढ कर लिखिए।

v. लड़कों का झुंड सड़क पर **<u>भागा जा रहा था</u>।** रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए।

4. नीचे लिखें वाक्यों में से **किन्हीं चार** वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए- **[4]**

i. अचानक वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ पड़ी। (सरल वाक्य में)

ii. एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में ही पूरा करने का प्रयास करने लगे। (मिश्र वाक्य में)

iii. अँगीठी सुलगाकर उस पर चायदानी रखी। (संयुक्त वाक्य में)

iv. वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते थे। (संयुक्त वाक्य)

v. मैं सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया। (सरल वाक्य)

5. **'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **[4]**

i. समास और यौगिक शब्द में क्या अंतर है? **[1]**

ii. द्विगु समास में पूर्व पद और उत्तर पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए। **[1]**

iii. 'वहिष्कृत' शब्द का समास विग्रह कीजिए और इसके प्रकार को समझाइए। **[1]**

iv. 'वहिष्कृत' शब्द का समास विग्रह करते हुए इसके प्रकार को समझाइए। **[1]**

v. 'सिद्धार्थ' शब्द का समास विग्रह करते हुए इसके भेदों को स्पष्ट कीजिए। **[1]**

6. **'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **[4]**

i. किसी भी कठिन परिस्थिति से निकलने के लिए हमें ________ पड़ता है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।) **[1]**

ii. चोरी करते हुए पकड़े जाने पर उसे ________ पड़ी। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।) **[1]**

iii. **किन्हीं दो** मुहावरों का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि आशय स्पष्ट हो जाए: **[1]**

i. मुँह की खाना

ii. आवाज़ उठाना

iii. दो से चार बनाना

iv. 'बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद' का वाक्य बनाइए। **[1]**

v. "तुम मेहनत करो, मैं तुम्हें दिन दूना और रात चौगुना फल दूंगा।" इस पंक्ति से मुहावरे को चुनें और वाक्य में प्रयोग करें। **[1]**

**खंड ग - गद्य खंड (पाठ्यपुस्तक)**

7. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

मैं छोटा था, वह बड़े थे। मेरी उम्र नौ साल की थी, वह चौदह साल के थे। उन्हें मेरी तम्बीह और निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके हुक्म को कानून समझूँ।

वह स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे। हरदम किताब खोले बैठे रहते और शायद दिमाग को आराम देने के लिए कभी कॉपी पर, किताब के हाशियों पर, चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों की तस्वीरें बनाया करते थे। कभी-कभी एक ही नाम या शब्द या वाक्य दस-बार लिख डालते। कभी एक शेर को बार-बार सुंदर अक्षरों में नकल करते। कभी ऐसे शब्द-रचना करते, जिसमें न कोई अर्थ होता, न कोई सामंजस्य। मसलन एक बार उनकी कॉपी पर मैंने यह इबारत देखी-स्पेशल, अमीना, भाइयों-भाइयों, दरअसल, भाई-भाई। राधेश्याम, श्रीयुत,

SATISH SCIENCE ACADEMY

राधेश्याम, एक घण्टे तक; इसके बाद एक आदमी का चेहरा बना हुआ था। मैंने बहुत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई अर्थ निकालूँ, लेकिन असफल रहा और उनसे पूछने का साहस न हुआ। वह नौवीं जमात में थे, मैं पाँचवी में। उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटा मुँह बड़ी बात थी।

i. बड़े भाई साहब की तथा लेखक की उम्र में कितने वर्षों का अंतर था?

क) नौ
ख) पाँच
ग) तीन
घ) चौदह

ii. बड़े भाई साहब स्वभाव से कैसे थे?

i. शरारती
ii. चंचल
iii. अध्ययनशील
iv. सभी विकल्प सही हैं

क) विकल्प (iv)
ख) विकल्प (iii)
ग) विकल्प (ii)
घ) विकल्प (i)

iii. बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?

i. कॉपी और किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों व बिल्लियों की तस्वीरें बनाते थे
ii. एक ही नाम या शब्द को दस-बीस बार लिखते थे
iii. बिना अर्थ के शब्द-रचना करते थे
iv. सभी विकल्प सही हैं

क) विकल्प (ii)
ख) विकल्प (iii)
ग) विकल्प (iv)
घ) विकल्प (i)

iv. किसको समझना लेखक के लिए छोटा मुँह बड़ी बात थी?

क) बड़े भाई साहब को
ख) बड़े भाई साहब के स्वभाव को
ग) बड़े भाई साहब की रचनाओं को
घ) बड़े भाईसाहब के शेर को

v. पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

क) पाठ-भाई साहब, लेखक-प्रेमचंद
ख) पाठ-प्रेमचंद्र, लेखक-बड़े भाई साहब
ग) पाठ-बड़े भाई साहब, लेखक-प्रेमचंद
घ) पाठ-तोप, लेखक-सुमित्रानंदन पंत

8. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. **डायरी का एक पन्ना** पाठ के आधार पर बताइए कि **ओपन लड़ाई** किसे कहा गया है और यह अपूर्व थी, कैसे? **[2]**

ii. **टी-सेरेमनी** किस प्रकार से लाभदायक होती है? **[2]**

iii. वज़ीर अली के अफ़साने सुनकर कर्नल को रॉबिनहुड की याद क्यों आ जाती थी? **[2]**

iv. **तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र** पाठ के संदर्भ में लिखिए कि संगीतकार जयकिशन और शैलेंद्र में किस बात को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी? उन दोनों के तर्कों को प्रस्तुत कीजिए। **[2]**

## खंड ग - काव्य खंड (पाठ्यपुस्तक)

9. **अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये:** **[5]**

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।

SATISH SCIENCE ACADEMY

तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

i. अभीष्ट-मार्ग से क्या तात्पर्य है?

| | |
|---|---|
| क) परंपरागत मार्ग | ख) दूसरों द्वारा बताया गया मार्ग |
| ग) योग्यता के अनुसार मार्ग | घ) इच्छित मार्ग |

ii. विघ्न-बाधाएँ आने पर क्या करना चाहिए?

| | |
|---|---|
| क) डर जाना चाहिए | ख) डटकर मुकाबला करना चाहिए |
| ग) पीछे हट जाना चाहिए | घ) सहर्ष मार्ग बदल लेना चाहिए |

iii. समर्थ भाव क्या है?

| | |
|---|---|
| क) दूसरों की निंदा कर स्वयं की प्रशंसा करना | ख) दूसरों को हराकर जीत प्राप्त करना |
| ग) दूसरों को सफलता दिलाकर स्वयं सफलता प्राप्त करना | घ) दूसरों को धमकाकर समर्थ बनना |

iv. कवि परस्पर मेल-जोल बढ़ाने का परामर्श क्यों दे रहा है?

| | |
|---|---|
| क) एक ही स्थान पर रहने के लिए | ख) प्रेम से रहने के लिए |
| ग) सभी विकल्प सही हैं | घ) भेद-भाव न बढ़ने देने के लिए |

v. 'तारता हुआ तरे' - पंक्ति का क्या आशय है ?

| | |
|---|---|
| क) स्वयं तैरते हुए दूसरे को तैराना | ख) दूसरों की उन्नति में सहायक होते हुए अपनी उन्नति करना |
| ग) विपत्ति में घबराना | घ) दूसरों की अवनति करते हुए स्वयं की उन्नति करना |

10. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. **हरि आप हरो जन री भीर** पद के आधार पर सिद्ध कीजिए कि मीरा यदि एक ओर श्रीकृष्ण की क्षमताओं का गुणगान करती हैं तो दूसरी ओर उन्हें उनके कर्तव्य की याद दिलाने में भी विलंब नहीं करती। **[2]**

ii. पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? **पर्वत प्रदेश में पावस** कविता के आधार पर बताइए। **[2]**

iii. **कर चले हम फ़िदा** कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए। **[2]**

iv. **आत्मत्राण** कविता में चारों ओर से दुःखों से घिरने पर कवि परमेश्वर में विश्वास करते हुए भी अपने आप से क्या अपेक्षा करता है? **[2]**

### खंड ग - संचयन (पूरक पाठ्यपुस्तक)

11. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए:** **[6]**

i. महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण, उसके चरित्र की किस सच्चाई को सामने लाता है? इससे ठाकुरबाड़ी जैसी संस्थाओं के प्रति आपके मन में कैसी धारणा बनती है? इस विषय में अपने विचार लिखिए। **[3]**

ii. लेखक गुरुदयाल और उनके साथियों को स्कूल जाना पसंद न होने पर भी स्काउट परेड वाला दिन अच्छा लगता था। आपको विद्यालय जाना किन कारणों से अच्छा लगता है और किन कारणों से नहीं? **सपनों के-से दिन** पाठ के संदर्भ में उत्तर लिखिए। **[3]**

iii. टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही? इफ़्फ़न ने दादी न बदलने के क्या कारण बताए? क्या वे कारण सही थे? **टोपी शुक्ला** पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। **[3]**

### खंड घ - रचनात्मक लेखन

12. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिये:** **[5]**

SATISH SCIENCE ACADEMY

i. **जल ही जीवन है** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- जल का महत्त्व
- संरक्षण
- जल-चेतना

ii. **गया समय फिर हाथ नहीं आता** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

- समय ही जीवन है
- समय का सदुपयोग
- समय के दुरुपयोग से हानि

iii. **नारी सशक्तिकरण : सुदृढ़ समाज का आधार** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। **[5]**

संकेत-बिंदु -

- क्या है?
- क्यों?
- बाधाएँ
- सुझाव

13. आप निजी कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्था खोलना चाहते हैं। इस कार्य को आरंभ करने में अत्यधिक धनराशि की आवश्यकता होगी। इस संदर्भ में अपने जनपद के केनरा बैंक के प्रबंधक महोदय को ऋण प्रदान करने हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए। **[5]**

अथवा

आवारा कुत्तों के कारण आपकी बस्ती में जो समस्या आ गई है उसका विवरण देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को शीघ्र उपाय करने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

14. आप विद्यालय के प्रमुख छात्र, मानव हैं। आपके विद्यालय में आपदा-प्रबंधन की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन होने वाला है। छठी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को सूचित करने हेतु 50 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। **[4]**

अथवा

कोलकाता के मैजेस्टिक क्लब द्वारा एक मेगा चैरिटी शो उन लोगों के लिए भवन निर्माण हेतु रखा गया है, जो गलियों में रहते हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों के लिए सचिव की तरफ से 20-25 शब्दों में सूचना लिखिए।

15. अपने पुराने घरेलू फर्नीचर को बेचने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **[3]**

अथवा

आपके क्षेत्र में अ.ब.स. क्लब द्वारा निःशुल्क दंत जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें योग्य और अनुभवी चिकित्सकों द्वारा दाँतों की जाँच की जाएगी। अ.ब.स. क्लब की ओर से इसके प्रचार हेतु एक विज्ञापन लगभग **60** शब्दों में तैयार कीजिए।

16. राज्य के परिवहन सचिव transport@delhi.gov.in को एक ईमेल लिखिए, जिसमें आपकी बस्ती तक नया बस मार्ग आरंभ कराने का अनुरोध हो। **[5]**

अथवा

**संगत का असर** विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

SATISH SCIENCE ACADEMY